# भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा - 2019 का शुभारंभ ।

श्री पी. एन. शर्मा, मुख्य खान नियंत्रक (प्रभारी) भारतीय खान ब्यूरो एवं डॉ. रंजीत रथ, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एम.ई.सी.एल., नागपुर ने सिविल लाइन्स, नागपुर, स्थित मुख्यालय में दिनांक 03/09/2019 को दीप प्रज्ज्वलित कर हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन किया । डॉ. रंजीत रथ, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एम.ई.सी.एल., नागपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे । इस अवसर पर डॉ. पी. के. जैन, मुख्य खनिज अर्थशास्त्री एवं राजभाषा अधिकारी तथा श्री एस. के. अधिकारी, मुख्य खनन भूविज्ञानी भी उपस्थित थे ।

अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री पी. एन. शर्मा, मुख्य खान नियंत्रक (प्रभारी) ने दैनंदिन कार्यालयीन कार्य अधिकाधिक हिंदी में ही करने पर बल दिया । साथ ही उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी निज भाषा है तथा यह भाषा अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है । हमें अपनी भाषा के प्रति आदर और सम्मान होना चाहिए तथा हिंदी को हमें प्राकृतिक एवं स्वाभाविक रूप में ही अपनानी चाहिए । उन्होंने भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में हिंदी संबंधित कार्यों में हो रही प्रगति की सराहना की तथा इसमें और वृद्धि की आशा जताई ।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रंजीत रथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी का विकास सिर्फ सीमित दायरे में ही रहकर नहीं हो सकता है । हमें हिंदी के विकास के लिए अपने सीमित दायरे से बाहर निकलकर कार्य करना होगा ।

इसके पूर्व श्री एस. के. अधिकारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी पखवाड़े के दौरान अंतरविभागीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि विभिन्न विभागों के कार्मिक समान रूप से प्रतियोगिता में भाग ले सकें ।

राजभाषा अधिकारी डॉ. पी. के. जैन ने स्वागत भाषण दिया तथा भारतीय खान ब्यूरो कार्यालय की हिंदी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसके अंतर्गत वर्षभर का लेखा - जोखा प्रस्तुत किया गया । तत्पश्चात उन्होंने हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी दी ।

इस अवसर पर केंद्रीय पुस्तकालय, भारतीय खान ब्यूरो के सहयोग से आयोजित 'राजभाषा पुस्तक प्रदर्शनी' का भी उद्घाटन श्री पी. एन. शर्मा, मुख्य खान नियंत्रक (प्रभारी) एवं डॉ. रंजीत रथ, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एम.ई.सी.एल. द्वारा किया गया । यह पुस्तक प्रदर्शनी दिनांक 03/09/2019 से 13/09/2019 तक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी जिनमें राजभाषा, अनुवाद, कम्प्यूटर, तकनीकी, स्वास्थ्य, व्यक्तित्व विकास, पर्यटन, महान व्यक्तित्व, खेल - कूद साहित्य, धर्म, दर्शन, अध्यात्म, काव्य, नाटक, उपन्यास एवं कहानियां विषयक पुस्तकें प्रदर्शित की जाएंगी ।

हिंदी पखवाड़े का आयोजन दिनांक 03/09/2019 से 17/09/2019 तक किया जाएगा, जिसके दौरान हिंदी निबंध, टिप्पण आलेखन, हिंदी अनुवाद, तात्कालिक वाक, हिंदी टंकण, हिंदी शुद्धलेखन एवं हिंदी प्रश्न मंच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा ।

हिंदी पखवाड़ा के उद्घाटन समारोह का संचालन कु. प्रतिभा शर्मा, भंडार लिपिक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री अभीनय कुमार शर्मा, सहायक संपादक द्वारा दिया गया । उद्घाटन समारोह की सफलता हेतु हिंदी अनुभाग के श्रीमती मिताली चटर्जी वरिष्ठ हिंदी अनुवादक, श्री असीम कुमार, हिंदी अनुवादक, श्री किशोर डी. पारधी, हिंदी अनुवादक, श्री श्रीनाथ, हिंदी अनुवादक, श्री प्रदीप कुमार सिन्हा, अवर श्रेणी लिपिक, श्री एन. एम. मोरे, प्रेसमैन तथा श्री ए. के. नाल्हे, एम.टी.एस. ने अपना पूर्ण योगदान दिया ।


भारतीय नागपुर
2019


खान ब्यूरो.नागपुर




भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर


भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर








राजभाषा पुस्तक प्रदर्शनी





